पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# उप मुख्यमंत्री ने सीबीएमआर के कार्यों की समीक्षा की

## सीबीएमआर अपने उत्कृष्ट कार्यो से चिकित्सा क्षेत्र में विशेष सहयोग कर रहा है

—ब्रजेश पाठक

**लखनऊ : 01 जुलाई, 2025**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च (CBMR) के कार्यों की समीक्षा की। श्री बृजेश पाठक ने संस्थान की प्रगति, विगत वर्षों के कार्यों एवं विस्तार योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीएमआर अपने उत्कृष्ट कार्यो से चिकित्सा क्षेत्र में विशेष सहयोग प्रदान कर रहा है, संस्थान अपने अभिनव प्रयोगों, शोध कार्यों एवं नवाचारों के माध्यम से चिकित्सकीय प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बना रहा है। उन्होंने कहा कि सीबीएमआर ने विगत वर्ष लगभग 50 से अधिक विशेष श्रेणी के मरीजों पर शोध कर चिकित्सकीय सहयोग प्रदान किया। संस्थान विभिन्न प्रद्योगिकी एवं शोध संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर कई चिकित्सा प्रद्योगिकी के विभिन्न पक्षों जैसे परीक्षण, औषधि निर्माण, चिकित्सा उपकरणों के लिए पेटेंट की दिशा में भी कार्य कर रहा है। इस दौरान सचिव चिकित्सा शिक्षा श्रीमती अपर्णा यू , संस्थान के निदेशक श्री आलोक धवन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

सम्पर्क सूत्र— अखिलेश मणि त्रिपाठी

राम यतन / 05:20 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522—2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522—2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522—2237230 0522—2239586 ई—मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in